# कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, वन वृत्त इन्दौर

नवरतनबाग, फॉरेस्ट केम्पस, इन्दौर, म.प्र. – 452001

Tel. (O) 0731-2491831 (Fax) 0731-2491657 E-mail : cfindore@mpforest.org


क्रमांक/2019/मा.चि./9186 इन्दौर, दिनांक 19.11–2019

प्रति,

वन संरक्षक
(क्षे.) वन मण्डल, धार

By E-mail

विषय :– इन्दौर–दाहोद न्यू रेल्वे लाईन निर्माण की अनुमति प्रदान करने बाबत् ।

संदर्भ :– आपका पत्र क्रमांक/मा.चि./5940 दिनांक 11.11.2019

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा इन्दौर–दाहोद न्यू रेल्वे लाईन निर्माण हेतु पिथमपुर से टिही के बीच प्रभावित राजस्व वनभूमि के प्रस्ताव ऑनलाईन एवं हार्डकापी इस कार्यालय को प्रेषित की गई । प्रेषित प्रस्ताव में निम्नानुसार कमियॉ/त्रुटियॉ पाई गई है :–

1.आवेदक द्वारा भरा गया फार्म पार्ट–I वन मण्डलाधिकारी द्वारा भरा गया पार्ट II एवं वचन पत्रों आदि में उक्त रेल्वे लाईन हेतु 0.24 हेक्टेयर राजस्व वनभूमि प्रभावित होना दर्शाई गई है ।

2.संयुक्त स्थल निरीक्षण रिपोर्ट में 0.25 हेक्टेयर राजस्व वनक्षेत्र प्रभावित होना दर्शाया गया है ।

3.वन मण्डलाधिकारी द्वारा दी गई स्थल निरीक्षण रिपोर्ट में 0.255 हेक्टेयर राजस्व वन भूमि प्रभावित होना दर्शाया है ।

अतः संयुक्त सर्वेक्षण अनुसार 0.255 हेक्टेयर प्रभावित राजस्व वनभूमि अनुसार ही प्रस्ताव तैयार होना चाहिये ।

4.फार्म पार्ट–I की हार्डकापी पर आवेदक मोहर एवं हस्ताक्षर नहीं है ।

5.फार्म पार्ट–II एक ही हार्ड कापी है एवं वन मण्डलाधिकारी धार की मोहर नहीं लगी है ।

6.1:50000 स्केल सर्वे ऑफ इण्डिया की टोपोशीट की फोटोकापी A-4 साईज में संलग्न की गई, जिसमें आवेदित क्षेत्र स्पष्ट नहीं हो रहा है, अतः उक्त टोपोशीट ओरिजनल कलर सेम स्केल में दी जावे ।

7.इसी प्रकार 1:15000 का मेप एवं जिओ रिफरेंस मेप की A-4 साईज में फोटोकापी दी गई है इन मेप की भी ओरिजनल कलर प्रति दी जावें ।

8.रेल्वे लाईन के अंतर्गत प्रभावित होने वाली वनभूमि के बदले दुगने बिगड़े वनक्षेत्र या समतुल्य गैरवनभूमि की वैकल्पिक वृक्षारोपण योजना संलग्न नहीं की गई है, रोपण योजना संलग्न की जा रही है ।

9.प्रस्ताव की केवल–2 प्रति दी गई है । अतः उपरोक्तानुसार कमियों की पूति कर प्रस्ताव 4–4 प्रतियों में प्रेषित करें । सही आवेदित क्षैत्र ही पार्ट I, पार्ट II एवं अन्य दस्तावेजों दर्शाया जावें ।

on line भेजें

मुख्य वन संरक्षक
वन वृत्त इन्दौर

19-11-19-1